
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उद्योग विभाग को उद्योगों के लिए हैंड होल्डिंग करने की आवश्यकता

**निर्देश** हर संभव सुविधाएं मुहैया कराई जाएंः सीएस

महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को उन्नति पोर्टल के माध्यम से नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस एस संधु ने सचिवालय में उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि उद्योग विभाग का उद्देश्य उद्योगों को राज्य में आने के लिए प्रोत्साहित करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए उद्योग विभाग को उद्योगों के लिए हैंड होल्डिंग करने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि उद्योग राज्य में आएं इसके लिए मूलभूत सुविधाओं को विकसित करते हुए हर संभव सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों द्वारा अपनाई गई बेस्ट प्रैक्टिसेज को उत्तराखंड की पॉलिसीज में शामिल किया जाए।




मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को उन्नति पोर्टल के माध्यम से नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी क्लियरेंस के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को भी उन्नति पोर्टल के माध्यम से समीक्षा की जाएगी। ऑनलाइन रिव्यू से कार्यों में तेजी लाई जा सकेगी। राज्य में उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिये औद्योगिक घरानों एवं समूहों से लगातार संपर्क किया जाए। इसके लिए विशेषज्ञ कंसल्टेंट लगाए जाएं।

मुख्य सचिव ने राज्य में हॉर्टी टूरिज्म की अपार संभावनाओं को देखते हुए इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फिल्म शूटिंग, फूड प्रोसेसिंग आदि क्षेत्र भी प्रदेश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इन पर विशेष फोकस किया जाए।

बैठक के दौरान महानिदेशक उद्योग श्री रोहित मीणा द्वारा बताया गया कि उद्योग विभाग का मुख्य कार्य इन्वेस्टमेंट को प्रोमोट करना एवं एंटरप्रिन्योर शिप को प्रोत्साहित करते हुए रोजगार उत्पन्न करना है। इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन के अंतर्गत 12 सेक्टर में फोकस किया जा रहा है। इसमें फूड प्रोसेसिंग, फार्मास्यूटिकल्स, वेलनेस एंड आयुष, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, हार्टिकल्चर एंड फ्लोरीकल्चर, ऑटोमोबाइल्स, हर्बल एंड एरोमेटिक, रिन्यूएबल एनर्जी, फिल्म शूटिंग, नेचुरल फाइबर्स, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और बायो टेक्नोलॉजी शामिल हैं।

बताया गया कि आईपीए रेटिंग में उत्तराखण्ड 8 आईपीए पिलर्स में से 7 में टॉप परफॉर्मर रहा है और एक में एस्पायरिंग लीडर रहा है।

इस अवसर पर सचिव श्री अमित नेगी सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।


### कार्यालय नगर निगम देहरादून

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

नगर निगम देहरादून द्वारा राज्य अथवा केन्द्र सरकार के शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों/निगमों में वर्ष 2021–22 हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो को नगर निगम, देहरादून क्षेत्रान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य की पुनः अल्पकालीन निविदा टू–बिड सिस्टम के तहत ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन वेबसाइट http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 25.11.2021 तक आमंत्रित की जाती है। सम्बन्धित कार्य में दक्ष फर्मो को इस हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। निम्नलिखित कार्य की तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोली जायेंगी। उक्त कार्य की निविदा दिनांक 12.11.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 25.11.2021 को अपरान्ह 4:00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोडिंग/अपलोडिंग के लिए उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

| घोषणा सं0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि (लाख में) जी. एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + (18% जी.एस.टी. सहित) रु0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42/2020 | विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर के अन्तर्गत रेसकोर्स वार्ड नं0–81 में रेसकोर्स दक्षिण वार्ड में सी–ब्लॉक मे 800 मी0 नाले के उपर स्लैब निर्माण | रु0 86.02 लाख | 1,72,100.00 | 4720.00 | 5 माह | 03 |

निविदा धनराशि तथा धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0 वरिष्ठ वित्त अधिकारी नगर निगम देहरादून के नाम से प्लेज करनी होगी निविदा प्रपत्र एवं शर्तें तथा तत्सम्बन्धित जानकारी नगर निगम देहरादून की बेवसाइट www.nagarnigamdehradun.com में अवलोकन एवं प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून के पास सुरक्षित होगा।

नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून।


## सीएम के रोड शो के बहाने भाजपा का पहाड़ पर शक्ति प्रदर्शन

**संवाददाता** पिथौरागढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बहाने भाजपा ने अपनी ताकत दिखाई । चार किमी लंबा रोड शो निकाल कर विधान सभा चुनाव 2022 की तैयारी का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने भी रोड शो के बीच लोगों से मिल कर उनके हालचाल लिए। जिससे स्पष्ट होता है कि भाजपा चुनावी तैयारी में जुट चुकी है। मुख्यमंत्री बनने के पुष्कर सिंह धामी के लिए अपने पैतृक जनपद में आ पाना कठिन हो रहा था। अभी तक जितनी भी बार उन्होंने पिथौरागढ़ आने का प्रयास किया मौसम बाधक बना। शुक्रवार को मौसम भी साथ रहा और अपनों के बीच मुख्यमंत्री को आने का सौभाग्य मिल गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिले के भाजपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित थे। पूर्व में दो बार सीएम के कार्यक्रम मात्र मौसम के चलते निरस्त होने से छायी कार्यकर्ताओं की मायूसी खुशी में बदल गई। तय कार्यक्रम के तहत सीएम को सबसे पहले भाजपा जिला कार्यालय आना था। नैनी सैनी हवाई पट्टी में उतरने के बाद रोड शो प्रारंभ हुआ। चार किमी से अधिक लंबा रोड शो निकला। साथ में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की फौज की बाइक रैली। अपने पैतृक जनपद में पहुंचे सीएम पुष्कर धामी का नगर की जनता ने भी जोरदार स्वागत किया।

## भूतापीय ऊर्जा, जीओ थर्मल का प्रयोग उत्तराखण्ड के प्रमुख चिन्हित स्थलों पर होगा

**संवाददाता** देहरादून। ग्रीन एनर्जी के रूप में भूतापीय ऊर्जा, जीओ थर्मल का प्रयोग बद्रीनाथ सहित उत्तराखण्ड के प्रमुख चिन्हित स्थलों पर किया जायेगा। इस संदर्भ में शुक्रवार को आईसलैन्ड दूतावास का प्रतिनिधि मण्डल ऊर्जा मंत्री डॉ हरक सिंह रावत से मिला।

बैठक में ऊर्जा मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने इसे पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने के लिए कहा। इस सदर्भ में वाडिया इंस्टीच्यूट द्वारा सर्वे और रिसर्च करके अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। इस सदर्भ में तकनीकी परीक्षण करके स्टीमेट प्रस्तुत किया जायेगा। इस प्रोजेक्ट में आइसलैन्ड तकनीकी और वित्तीय मदद भी देगा।

बद्रीनाथ में गर्म पानी और तप्तकुण्ड का स्रोत उपलब्ध है, जिसका प्रयोग करके बद्रीनाथ मन्दिर समिति, धर्मशाला में विद्युत उपयोग में किया जा सकता है। आईसलैन्ड में भूतापीय ऊर्जा, जीओ थर्मल के रूप में 30 प्रतिशत उर्जा का प्रयोग किया जाता है। गर्म पानी, तप्तकुण्ड के आधार पर इस उर्जा का उत्पादन किया जाता है। उत्तराखण्ड में, वाडिया इंस्टीच्यूट ने अपने सर्वे रिपोर्ट में 64 स्थलों पर इस प्रकार की ऊर्जा के उत्पादन पर अपनी संभावना व्यक्त की। इस अवसर पर ऊर्जा सचिव सौजन्या, निदेशक उरेडा दीपक रावत, आईसलैन्ड के राजदूत गुडनी ब्रेगासान, डिप्टी चीफ मिशन सिगथोर, चेयरमैन इन्डो–आईसेडेनिक बिजीनेस एसोशियेशन प्रसून दिवान सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएस ने पीएम इम्प्लॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की समीक्षा की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री इम्प्लॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी जिलाधिकारी इन योजनाओं के लिए विशेष अभियान चलाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इन महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बैंकों को भी निर्देश दिए कि निर्धारित टारगेट को पूर्ण करने के लिए 15 दिसंबर तक आवेदन को स्वीकृत करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों को छोटी–छोटी त्रुटियां दूर करके स्वीकृत किया जा सकता है, ऐसे आवेदनों में



विशेष फोकस किया जाए, ताकि रिजेक्शन कम से कम हो।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि एप्लीकेशन की स्क्रूटिनी के लिए एक ऐसा मैकेनिज्म तैयार करें ताकि क्वालिटी एप्लीकेशन बैंकों तक जाएंगी, इससे भी आवेदनों का रिजेक्शन कम से कम होगा। उन्होंने उद्योग मित्र बैठकों को लगातार आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि मैदानी क्षेत्रों में प्रत्येक माह एवं पर्वतीय जनपदों ने प्रत्येक 2 माह में उद्योग मित्र बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या के लिए टाइम बाउंड सॉल्यूशन किए जाने की आवश्यकता है, तभी किसी योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को उद्योगों को स्थापित करने हेतु लैंड बैंक बनाए जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने बैंकों से भी कहा कि जिन योजनाओं के लिए बैंक लोन चुकाने का समय 15 साल निर्धारित किया गया है, बहुत से बैंक उन योजनाओं के लिए 5 से 7 साल के लिए ही ऋण दे रहे हैं। उन्होंने बैंकों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा के लिए ही ऋण दिया जाए, तभी आवेदक योजनाओं का लाभ लेने को प्रोत्साहित होंगे।

## न्यूज डायरी :

### स्पीडलैब्स का बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले सभी छात्रों को मुफ्त लॉग–इन का ऑफर

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 महामारी के बाद, 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा पैटर्न में अहम बदलाव देखने को मिला है। इसे ध्यान में रखते हुए छात्रों को अपना बेस्ट ग्रेड हासिल करने के लिए मॉडल प्रश्नों को हल करने का अभ्यास करना चाहिए। जाना–माना एडटेक प्लेटफॉर्म स्पीडलैब्स 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले सभी छात्रों को अपने प्लेटफॉर्म पर मुफ्त लॉग–इन का ऑफर दे रहा है। यह प्लेटफॉर्म छात्रों को 25,000 से अधिक प्रश्न, अनेक प्रैक्टिस और रीविजन टेस्ट्स, पर्सनलाइज्ड एनालिटिक्स और पर्सनलाइज्ड गाइडेंस तक असीमित पहुंच देता है। स्पीडलैब्स की स्टेट्स बोर्ड–एसएससी/एचएससी, सीबीएसई और आईसीएसई की परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए पर्सनलाइज एजुकेशन और एनालिटिक्स में भी विशेषज्ञता है।

### अवसादग्रस्त पत्नी ने आत्महत्या की तो युवक ने अस्पताल बनाने की ठान ली

**संवाददाता** उत्तरकाशी। अवसादग्रस्त पत्नी ने आत्महत्या की तो युवक ने अवसादग्रस्त व्यक्तियों के लिए अस्पताल बनाने की ठान ली। इसके लिए युवक ने गोमुख से गंगासागर तक की पैदल यात्रा शुरू की है। यात्रा के दौरान वह अस्पताल के लिए डोनेशन भी जुटा रहे हैं। इससे पूर्व युवक थार मरूस्थल भी पार कर चुका है। नागपुर के अतुल चौकसे की पत्नी ने पिछले वर्ष 13 जून को आत्महत्या कर ली थी। अतुल की पत्नी निकिता पेशे से पर्यावरण वैज्ञानिक थी। अतुल कंप्यूटर शिक्षक हैं। शादी के कुछ समय बाद ही किसी ने उनकी पत्नी को बताया कि अतुल मांगलिक है, जिससे वह धीरे–धीरे अवसादग्रस्त हो गई। शादी के मात्र तीन माह बाद निकिता ने आत्महत्या कर ली। अवसाद से ग्रस्त होकर कोई और आत्महत्या न कर ले, इसके लिए उन्होंने अवसाद ग्रस्त व्यक्तियों के लिए अस्पताल बनाने की ठानी है।